दैनिक नवज्योति

ऐश्वर्या कॉलेज में नवीन शैक्षणिक सत्र का आगाज

जोधपुर/नवज्योति। ऐश्वर्या कॉलेज में अकादमिक सत्र 2021-22 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आमुखीकरण कार्यक्रम गुरूवार को आयोजित किया गया। जिसमें सभी संकायों के नव प्रवेशित विद्यार्थियों तथा अभिभावकों के अलावा कॉलेज के चैयरमैन भूपेन्द्र सिंह राठौड़, प्राचार्य डॉ. ऋषि नेपालिया, सभी विभागाध्यक्ष एवं शिक्षक उपस्थित थे। चैयरमैन भूपेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि कॉलेज का उद्देश्य विद्यार्थियों को उत्तम गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न प्रतिभाओं को उभारने हेतु अनुकूल एवं उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। विद्यार्थियों का बहुमुखी विकास ही कॉलेज का ध्येय है। उन्होंने बताया कि अभी हाल ही में अगस्त अन्तिम सप्ताह में प्रजा तंत्र संस्थान के द्वारा सम्पूर्ण भारत में ऑनलाईन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें भारत के 66 कॉलेजों के 500 से भी अधिक विद्यार्थियो ने भाग लिया। जिसमें आई आईटी एवं आई आईएम जैसे प्रतिष्ठित संस्थाओं के विद्यार्थी भी सम्मिलित हुए जिसमें कॉलेज के 6 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता कर उत्कर्ष प्रदर्शन किया उनको भी इस कार्यक्रम में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। राठौड़ ने बताया कि ऐश्वर्या कॉलेज पश्चिमी राजस्थान का संभवतः पहला कॉलेज है जिसने कोविड-19 महामारी को देखते हुए कॉलेज के विद्यार्थियों की शिक्षा को अनवरत जारी रखने के लिए ऑनलाइन मोबाइल लर्निंग ऐप पिछले वर्ष लान्च किया था जो इस वर्ष भी कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए ऑफ्लाईन कलासेस के साथ-साथ उपलब्ध रहेगा जिससे विद्यार्थियों को शिक्षण सम्बन्धी और बेहतर सुविधाऐं प्राप्त हो सकेगी। प्राचार्य डॉ. ऋषि नेपालिया ने कहा कि महाविद्यालय नित दिन नये आयाम तय कर रहा है इसका ही एक परिणाम यह है कि कॉलेज को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से 2(एफ)12(बी) की मान्यता प्राप्त होने के साथ-साथ नैक से भी एक्रीडियेटेड है जो कि गुणवता का मानक है जिसके द्वारा विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ रिसर्च सम्बन्धी कार्य करने का मौका मिलेगा जिससे उनके लिए अपार संभावनाएं उभरेंगी। डॉ. नेपालिया ने बताया कि महाविद्यालय के पुस्तकालय में 40 हजार से अधिक पुस्तकें हैं तथा विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम के अनुसार पुस्तकें पूरे सत्र के लिए आवंटित की जाती है।

नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु इण्डक्शन कार्यक्रम, विभिन्न गतिविधियों से कराया रूबरू